सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 113 | इंदौर, सोमवार 30 अक्टूबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## बात मुद्दे की...

### दिग्गी राजा उनकी बातें और उनकी राजनीति...

दिग्विजय सिंह एक चतुर और राजनीति के चालक खिलाड़ी हैं, वह क्या सोचते हैं, वह क्या करते हैं, यह सिर्फ वही जानते हैं। यूं भी वह वाक चातुर्य होने के कारण अखबारों की सुर्खियों में भी रहते हैं।

हाल ही में उनके बारे में पढ़ा की, उन्होंने छोटे सिंधिया को मंत्री बनाया और बड़े सिंधिया को भी वे ही राजनीति में लाए थे। इस बात से अधिकतर लोग इत्तेफाक नहीं रख सकते हैं ,ना ही सहमत हैं। ग्वालियर घराना और महल बड़ा है ,ग्वालियर के सामने राघोगढ़ का कद छोटा है ,फिर जहां तक बड़े की राजनीति का सवाल है ,बड़े सिंधिया बड़े ही थे। उनका व्यक्तित्व राघोगढ़ महल से हटकर था उनकी रियासत बड़ी है और सियासत भी बडा थी।उनका राजनीतिक जीवन राजनीतिक कद सब कुछ बड़ा था। राजनीतिक ताकत या प्रभाव और इमेज भी अलग थी। उनको राजनीति में स्थापित करने का काम राजमाता सिंधिया ने ही किया था। भले ही दिखावे के मतभेद रहे होंगे। जैसे दिग्विजय सिंह और लक्ष्मण सिंह के एक समय अखबारों में दिखाई देते थे। पर आज सब ठीक है ,वह नूरा कुश्ती कहलाती है ,जो दोनों भाइयों में थी ,तू वहां ठीक रहे मैं यहां ठीक रहूंगा।खैर माधव राव सिंधिया की कार्यशैली ,इसको या उनका व्यक्तित्व अलग था।उन्हें जानने वाले लोग जानते हैं। राघोगढ़ और ग्वालियर में हैसियत का भी काफी अंतर था।जहां तक ज्योतिरादित्य सिंधिया की राजनीति का है ,उन्हें भी दिग्गी राजा घूमा सकते हैं , परंतु कभी आमने-सामने दिखाई नहीं दिए। यह भी नूरा कुश्ती चलती रही, लोग तो दबी जुबान यह भी कहते हैं कि, छोटे सिंधिया को भाजपा में भेज कर मंत्री बनने में भी, भाई साहब का हाथ है। मतलब कांग्रेस की सरकार गिरी तो कौन है जिम्मेदार ? और लोग यह भी कहते हैं छोटे सिंधिया भाजपा में नहीं जाते तो ,राघोगढ़ महल भी सरकार गिराकर कुछ और समीकरण बन सकते थे। सरकार तो गिरना तय थी ,ग्वालियर के कारण गिरे या राघोगढ़ के कारण, दोनों सिंधिया को राजनीति में स्थापित करने का श्रेय ,यदि दिग्गी राजा को लेना है ,तो बेशक लेवे। परंतु अंतर आत्मा की आवाज से वह यह भी बता दें ,की उन्हें राघोगढ़ से निकालकर, राजगढ़ और फिर आगे स्थापित करने का मार्ग, बनाने में कभी महत्वपूर्ण किसकी थी।

हाल ही के चुनाव के टिकट वितरण में जो सीधे उनके नाम टिकट हुए हैं, उनकी संख्या शायद 8 है, लेकिन राजनीतिक समीक्षा कारों का मत अलग है, वह जो 8 नाम आए हैं , वह सभी तो उनके पारिवारिक और रिश्तेदारों के नाम है ,हालांकि वे जिसे टिकट दिलाना चाहे उसे एन केन प्रकरण टिकट दिलाए देते हैं। भले उसके लिए दूसरों के माध्यम से सफलता प्राप्त करें। और जिसे टिकट आउट करना होता है,उसे भी वह एन केन प्रकरण मैदान में टिकने नहीं देते हैं। कंधे पर हाथ रखने का अर्थ लोग अलग-अलग लगते हैं। टिकट दिलाने में व्यक्तिगत रूप से सबसे ज्यादा सफल भी वही रहे होंगे ? कुछ लोग उनके होकर भी उनके नहीं होंगे। वक्त पढ़ने पर वे सामने आएंगे और सरकार बनाने या बिगड़ने के में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। आठ नाम तो दिखाने के हैं ,ऐसे कई रिश्तेदार खासमखास हैं, जिनको टिकट परिवार के सदस्य या समर्पण के आधार पर ही दिलाए होंगे और यह भी की भले 8 टिकट की बात हो रही हो, लेकिन प्रदेश की ऐसे कई आठ के जोड़ में राजा के टिकट होंगे ,जो सरकार बनाने और गिराने में महत्वपूर्ण भूमिका, पर्दे के सामने और और परदे के पीछे से निभाई जावेगी।

शेष फिर...

**DGR @ एल एन उग्र**

# सोशल मीडिया के सहारे नेताजी

## ◆ रैलियों, जनसंपर्क और आमसभाओं से अधिक फोकस इंटरनेट पर फोकस

@ DGR विशेष

**इंदौर।** भाजपा-कांग्रेस, आप बसपा या फिर चुनाव मैदान में उतरने वाले किसी भी राजनैतिक दल के नेता हो उनके बीच चुनाव में आरोप-प्रत्यारोप, रैलियां, जनसंवाद तो अपनी जगह हैं ही, लेकिन जनता तक कम समय में अपनी पहुंच बनाने के लिए नेताजी अब सोशल मीडिया के सहारे पर कुछ ज्यादा ही हैं। चुनाव लडने वाले नेताजी तो कम उनके समर्थक व्हाट्सएप, फेसबुक सहित अन्य सोशल मीडिया नेटवर्क पर अधिक सक्रिय हैं, क्योंकि नेताजी को तो कार्यकर्ताओं की बैठकें लेना है, जनसंपर्क करना है तो फिर ऐसे में वे समय कैसे निकालेंगे। इसलिए यह काम हर नेता ने अपने पट्ठों को सौंप दिया है।




### टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल

प्रचार के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके लिए इंफ्लूएंसर्स, आइटी कंपनियों और पीआर एजेंसियों को हायर कर लोगों तक पार्टी के मुद्दे, वादे-दावे पहुंचाए जा रहे हैं। लाखों के पैकेज में कंपनियां कैंपेनिंग भी कर रही हैं। आइटी कंपनियां प्रत्याशियों के सोशल मीडिया अकाउंट हैंडल करने के साथ इनके लिए कंटेंट, वीडियो, डेली पोस्ट भी बना रही हैं। इन सामग्रियों को जनता तक डिजिटली पहुंचाने के साथ इनका एनालिसिस हो रहा है।

### हो रहे वायरल

अपने कार्यों के प्रचार के साथ विपक्षी को घेरने के लिए मीम्स भी सोशल मीडिया पर वायरल किए जा रहे हैं। इस चुनाव में मीम्स के साथ रील्स का बड़ा क्रेज है। इसके लिए सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स से संपर्क किया जा रहा है। इंफ्लूएंसर्स उनकी बात रील्स से लोगों तक पहुंचा रहे हैं। पार्टियां पॉडकास्ट भी करवा रही हैं।

### समर्थक ज्यादा सक्रिय

एक ओर जहां राजनीतिक दलों और चुनाव मैदान में उतरने वाले नेताओं के द्वारा सोशल मीडिया पर प्रचार के लिए कंपनियों को काम सौंपा जा रहा है, वहीं उनके समर्थक सोशल मीडिया पर कुछ ज्यादा ही सक्रिय होकर प्रचार प्रसार में जुटे हैं। उनका प्रयास है कि किसी भी तरह बस अपने नेताजी और पार्टी की बात प्रत्येक मतदाता तक पहुंच जाए।

### अलग से सौंपी जिम्मेदारी

नेताओं ने सोशल मीडिया अकाउंट हैंडल करने और फेस बुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्एएप आदि के जरिए अपनी बात मतदाताओं तक पहुंचाने की जिम्मेदार पार्टी की आईटी सेल के कार्यकर्ताओं को सौंप दी है। ये कार्यकर्ता 24 घंटे किसी न किसी रूप में अपनी पार्टी की उपलब्धियां आमजन तक पहुंचा रहे हैं।

### 2000 के नोट पर कही थी ये बात

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने 2000 का नोट बंद करने से पहले केंद्र सरकार को यह बताना चाहिये कि इसे लाया ही क्?यों गया था। हाल ही में इंदौर आए गृहमंत्री डाक्टर नरोत्तम मिश्रा ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कल दिग्विजय सिंह यह भी कहेंगे कि यदि किसी व्यक्ति को मरना ही था तो, वह पैदा क्यों हुआ। गृहमंत्री ने दिग्विजय सिंह द्वारा मध्यप्रदेश में कालोनियों को वैध करने के नोटिफिकेशन जारी नहीं करने के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस और दिग्विजय सिंह ने आज तक भाजपा सरकार की ओर से किए किसी भी काम पर खुशी जाहिर नहीं की, लेकिन इसके बावजूद पिछले 20 सालों से भाजपा को कांग्रेस से ज्यादा वोट मिल रहे हैं। मीडिया से बातचीत में उन्होंने ने यह भी कहा था कि इंदौर के मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और बजरंग दल के खिलाफ आपत्तिजनक पर्चे बंटने की घटना को इंदौर पुलिस और प्रशासन गंभीरता से ले रही है। इस मामले में केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# आज नामांकन भरेंगे सीएम शिवराज

## ◆ आखिरी दिन सभी जिलों में उमड़ेगी भीड़; जुलूस और सभाओं की भी तैयारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों पर चुनाव नामांकन भरने के लिए आज आखिरी दिन है। उम्मीदवार दोपहर तीन बजे तक नामांकन दाखिल कर सकते हैं। अंतिम दिन होने के कारण आज सबसे अधिक नामांकन भरे जाने की उम्मीद है। इसके चलते जिलों में जिला निर्वाचन अधिकारियों को सुरक्षा इंतजाम के साथ वीडियो ग्राफी कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आचार संहिता उल्लंघन के मामलों में कार्रवाई की जा सके। अब तक प्रदेश भर मे कुल 1548 नामांकन दाखिल हुए हैं।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान समेत कांग्रेस और भाजपा के कई दिग्गज नेताओं के नामांकन फॉर्म आज भरे जाने हैं। सीएम चौहान दोपहर दो बजे बुधनी में नामांकन जमा करने पहुंचेंगे। इसी तरह प्रदेश के अन्य जिलों में नामांकन भरने के लिए भीड़ उमड़ना तय है। इस दौरान प्रत्याशियों के द्वारा जिलों में जुलूस और रैलियों के साथ नामांकन जमा करने की तैयारी है। कई उम्मीदवारों ने पंचक के चलते शुक्रवार तक नामांकन नहीं भरे थे और वे सोमवार को कार्तिक मास के शुभ मुहूर्त में नामांकन भरने वाले हैं। कई प्रत्याशी दोबारा भी नामांकन जमा करने जाने वाले हैं।

### 1343 प्रत्याशियों ने जमा किए 1548 नामांकन फॉर्म

21 अक्टूबर, पहला दिन: 17
23 अक्टूबर, दूसरा दिन: 137
25 अक्टूबर, तीसरा दिन : 136
26 अक्टूबर, चौथा दिन : 377
27 अक्टूबर, पांचवां दिन : 676

### कल होगी नामांकन पत्रों की जांच

नामांकन फॉर्म की स्क्रूटनी 31 अक्टूबर को की जाएगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि 2 नवंबर है। इसके बाद पूरे प्रदेश में 17 नवंबर को एक ही चरण में मतदान होगा। मतगणना 3 दिसंबर को होगी।

# क्रिटिकल बूथों पर तैनात किए जाएंगे माइक्रो आब्जर्बर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भारत निर्वाचन आयोग ने विधानसभा का स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने क्रिटिकल बूथों पर बेबकास्टिंग या सीसी टीव्ही कैमरों से नजर रखने के अलावा प्रत्येक क्रिटिकल बूथ पर माइक्रो आब्जर्बर भी तैनात करने के निर्देश दिये हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देश हैं कि गैर सीएपीएफ (केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल) उपायों में एक के रूप में माइक्रो आब्जर्बर को भी मतदान के दिन महत्वपूर्ण मतदान केंद्रों के लिये नियुक्त किया जा सकता है।**

निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के मुताबिक माइक्रो आब्जर्बर क्रिटिकल बूथों पर मतदान के दिन की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखेगा। उसका कार्य यह देखना है कि निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष और स्वतंत्र रीति से चले तथा मतदान प्रक्रिया दूषित न हो। निर्वाचन आयोग के मुताबिक माइक्रो आब्जर्बर मतदान के दिन निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षकों के निरंतर सम्पर्क में रहेंगे तथा मतदान को प्रभावित करने सकने वाली प्रत्येक गतिविधि की सूचना सीधे मोबाइल फोन या वायरलेस या संचार के अन्य किसी साधन से सामान्य प्रेक्षकों को देंगे। मतदान समाप्ति के बाद माइक्रो आब्जर्बर निर्धारित प्रारूप में अपनी रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में सामान्य प्रेक्षकों को ही सौपेंगे।

भारत निर्वाचन आयोग ने कहा है कि माइक्रो आब्जर्बर केंद्र शासन के या केंद्र शासन के उपक्रमों के कर्मचारियों को बनाया जा सकेगा। ये कर्मचारी ग्रुप सी से निम्न नहीं होंगे। ऐसे कर्मचारी माइक्रो आब्जर्बर के रूप में अपने निवास के जिले में मतदान केंद्रों पर नियुक्त किये जा सकेंगे। हालांकि उनका उपयोग उनके गृह विधानसभा क्षेत्र में नहीं किया जायेगा। ऐसी स्थिति में जहाँ जिले में माइक्रो आब्जर्बर के रूप में नियुक्त करने के लिये पर्याप्त संख्या में केंद्र शासन अथवा केन्द्र शासन के उपक्रमों के कर्मचारी उपलब्ध नहीं हैं, वहां पड़ोसी जिलों में पदस्थ भारत सरकार या केंद्रीय उपक्रमों के कर्मचारियों को माइक्रो आब्जर्बर बनाया जा सकेगा। निर्वाचन आयोग के अनुसार अन्य राज्यों के राज्य सरकार के सेवारत शासकीय सेवक भी माइक्रो आब्जर्बर बनाये जा सकेंगे। चूंकि इनके लिये आवश्यक व्यवस्था एवं साधन की आवश्यकता होगी इसका सहारा केवल दुर्लभ मामलों में ही लिया जाना चाहिये। आयोग के मुताबिक राष्ट्रीय सेवा योजना के सदस्य और कार्यक्रम अधिकारी अथवा समन्वयक को तथा भारत स्काउट गाइड के रिजर्व (रेंजर्स एवं रोवर्स) को भी दुर्लभ मामलों में माइक्रो आब्जर्बर नियुक्त किया जा सकेगा। यहां तक कि ऐसे अनुभवी और सत्यनिष्ठा रखने वाले प्रतिष्ठित व्यक्ति जो आवश्यक रूप से किसी गैर सरकारी संगठन के सदस्य नहीं है, को भी आयोग की स्पष्ट मंजूरी के साथ माइक्रो आब्जर्बर बनाया जा सकता है, लेकिन इन्हें दुर्लभ से दुर्लभ मामलों में ही माइक्रो आब्जर्बर के रूप में तैनाती के लिये विचार किया जा सकेगा।

## जिले में नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि आज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर** । इंदौर जिले में विधानसभा निर्वाचन के लिये नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने का सिलसिला जारी है। जिले में सभी 9 विधानसभा क्षेत्रों के लिये नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि आज 30 अक्टूबर है। इस दिन दोपहर 3 बजे तक अभ्यर्थी अपने नाम निर्देशन पत्र जमा कर सकतें है। नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये जाने के लिये कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी के निर्देशन में पुख्ता व्यवस्थाएं की गई है। अभ्यर्थी और उनके प्रस्तावक कलेक्टर कार्यालय के किसी भी गेट से इंट्री कर सकतें है। कलेक्टर कार्यालय के भीतर एक अभ्यर्थी के साथ चार व्यक्ति इस तरह कुल 5 व्यक्तियों के प्रवेश की अनुमति रहेगी।

एडीएम श्रीमती सपना लोवंशी ने बताया कि वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था 100 मीटर दूर कलेक्टर कार्यालय के बाहर रहेगी। कलेक्टर कार्यालय में सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम रहेंगे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार नाम निर्देशन पत्र लेने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर है। नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने का समय प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 31 अक्टूबर को जाएगी। अभ्यर्थी 2 नवम्बर तक नाम वापिस ले सकेंगे। मतदान की तिथि 17 नवम्बर रहेगी। मतगणना 3 दिसम्बर को की जाएगी। विधानसभा चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थी को निर्वाचन व्यय के लिए अलग से बैंक खाता खुलवाना होगा। निर्वाचन व्यय की सीमा अधिकतम 40 लाख रुपए निर्धारित की गई है। सामान्य उम्मीदवारों के लिए निक्षेप राशि 10 हजार रुपये और अनुसूचित जाति तथा जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 5 हजार रुपये होगी।

# जातिगत जनगणना तकनीकी रूप से संभव नहीं : अठावले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। विधानसभा चुनाव के दौर में जहां राजनेताओं को सरकार बनाने-बिगाड़ने की चिंता है, वहीं केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री रामदास अठावले कांग्रेस नेता राहुल गांधी की शादी को लेकर चिंतित नजर आए। अठावले ने कांग्रेस की स्थिति के सवाल पर कहा कि मैं गांव-गांव जाता हूं तो दादी पूछती हैं कि राहुल गांधी शादी कब करेंगे।

केंद्र की भाजपा सरकार में शामिल रिपब्लिक पार्टी आफ इंडिया के नेता अठावले जातिगत जनगणना के मुद्दे पर कांग्रेस के साथ दिखे। अठावले ने कहा कि आरपीआइ जातिगत जनगणना का समर्थन करती है। हालांकि तकनीकी रूप से यह मौजूदा स्थिति में संभव नहीं है।

### संविधान में जाति मुक्त व्यवस्था की बात

मंत्री अठावले ने रविवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हमारे संविधान में जाति मुक्त व्यवस्था की बात है। ऐसे में जातिगत जनगणना तकनीकी रूप से संभव नहीं दिखती। भाजपा पर विपक्षी दलों द्वारा संविधान बदलने की कोशिश करने के आरोपों पर अठावले ने कहा कि यह केवल दुष्प्रचार है।

### कोई पार्टी से बाहर नहीं जा सकता

शिवसेना का उदाहरण देकर जब अठावले से पूछा गया कि भाजपा सहयोगी दलों पर हावी हो जाती तो आपको डर नहीं लगता है। इस पर उन्होंने कहा कि हमारे यहां के दरवाजे सबको अंदर आने के लिए खुले रहते हैं, लेकिन जब वे अंदर आ जाएं तो फिर दरवाजे बंद हो जाते हैं। कोई हमारी मर्जी के बिना बाहर नहीं जा सकता।

## करवा चौथ उद्यापन का आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट **इंदौर**। फूलमाली सैनी समाज छावनी के तत्वावधान में समाज की मातृशक्तियों के लिए करवा चौथ उद्यापन का दिव्य आयोजन बुधवार 1 नवम्बर को नसिया रोड छावनी स्थित मोदी परिसर पर सायं सात बजे से मनाया जाएगा। समाज के अध्यक्ष रामगोपाल सैनी, मंत्री मनोहर सैनी, सत्यनारायण सैनी, मोहनलाल इकदइया एवं सतीश सैनी के मार्गदर्शन में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने करवाचौथ उद्यापन का यह आयोजन करने का निर्णय लिया है। इसमें शामिल महिलाओं से मात्र 2100 रु. शुल्क लेकर भोजन के 15 पास एवं महिलाओं के लिए 13 उपहार भी दिए जाएंगे। इच्छुक महिलाएं हार्डिया कम्पाउंड पर श्रीमती रोशनी सैनी, चितावद में अंजू मनोहर सैनी, छोटी ग्वालटोली में हेमलता-सतीश सैनी एवं पंचशील नगर में मुक्ता नरेन्द्र सैनी से सम्पर्क कर अपना नाम एवं शुल्क जमा कर महोत्सव के लिए स्थान सुनिश्चित कर सकती हैं। कार्यक्रम में भजन संध्या का भी रंगारंग आयोजन होगा। कार्यकारिणी के ओमप्रकाश सैनी, लोकेश सैनी, महेश सैनी, प्रकाश सैनी, पुनीत सैनी, राधेश्याम सैनी, संजय सांखला, कन्हैयालाल सैनी, मनोज सैनी एवं सुरेन्द्र सैनी ने सभी समाजबंधुओं से महोत्सव को सफल बनाने का आग्रह किया है।

## अवतरण दिवस पर गरबों का आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सम्यक चारित्र द्वारा आचार्य विद्यासागर महाराज एवं गणिनी प्रमुख ज्ञानमती माताजी के अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में नेमीनगर स्थित माला गार्डन पर शरद गरबा महोत्सव का प्रभावी आयोजन किया गया। ग्रुप के अध्यक्ष देवेन्द्र सोगानी एवं सचिव ऋषभ पाटनी ने बताया कि इस अवसर पर डीजे की धुन पर परंपरागतग परिधान में सज धज कर आए युगलों ने डांडिया के साथ शानदार गरबों की प्रस्तुतियां दी। निर्णायक श्रीमती खुशबी रावका एवं श्रीमती पिंकी पाटनी द्वारा दिए गए निर्णय के अनुसार बेस्ट स्माईल के लिए प्रवीण रामावत, बेस्ट ड्रेअसप के लिए सुनीता-महेश अजमेर, बेस्टर कपल के लिए किंचिता-प्रकाश पंचली, बेस्ट महिला के लिए साधना जैन एवं राजुल जैन, बेस्ट पुरुष के लिए विजय जैन और बेस्ट एनर्जी के लिए चंचल जैन तथा गरबा क्वीन के लिए पुष्पा झांझरी और बेस्ट ओवर आल विथ डिफरेंट प्राप्स के लिए कमल झआशा जैन को पुरस्कृत किया गया। हालांकि सभी प्रतिभागियों की प्रस्तुतियां अत्यंत सुंदर और प्रभावी थी, लेकिन निर्णायकों ने लंबी मशक्कत के बाद विजेताओं का चयन किया। संयोजक देवेन्द्र अर्चना सोगानी, संजय -प्रीति पहाड़िया, प्रेमचंद-मैना पांड्या, ऋषभ-रीता पाटनी एवं भूपेन्द्र विनीता बड़जात्या ने प्रारंभ में सभी युगलों का स्वागत किया। पुरस्कार वितरण समाज के पदाधिकारियों ने किया।

## कटाक्ष




# अफसरशाही के बयान पर खुद घिरे विजयवर्गीय

## कांग्रेस ने कसा तंज, बीजेपी ने दिया जवाब

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। एमपी में अफसरशाही वाले कैलाश विजयवर्गीय के बयान पर कांग्रेस ने तंज कसा है. कांग्रेस ने कहा कि मध्य प्रदेश में अफसरशाही हावी है. अधिकारियों का बोलबाला है. यह बात कैलाश विजयवर्गीय ने खुद स्वीकार कर ली है. इस बयान के जवाब में बीजेपी ने पलटवार किया. कहा कि कांग्रेस में भ्रम और मति भ्रम की स्थिति है. कैलाश विजयवर्गीय का आशय उन चुनिंदा अधिकारियों से है जो जनता का काम ठीक से नहीं करते.कांग्रेस ने कहा कि मध्य प्रदेश में पिछले 18 सालों में अफसरशाही और तानाशाही चल रही है. अधिकारियों के सामने बीजेपी नतमस्तक है. अधिकारी जनता की भी नहीं सुनते. आमजन का काम नहीं हो रहा है. कांग्रेस तो पहले दिन से कह रही है कि मध्य प्रदेश में अफसरशाही हावी है. कैलाश विजयवर्गीय ने स्वीकार कर प्रमाणित कर दिया कि बीजेपी के शासन में अफसरशाही हावी है.बीजेपी ने जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस में भ्रम और मति भ्रम की स्थिति है. कैलाश विजयवर्गीय का आशय उन चुनिंदा अधिकारियों से है जो जनता के काम ठीक से नहीं करते. कांग्रेस अगर अपनी परिपेक्ष में ले रही है तो यह कांग्रेस की बुद्धि हीनता है. कुछ अधिकारी ऐसे हैं जो तत्परता के साथ काम करते हैं, लेकिन कुछ अवसर ऐसे हैं जो सजगता से काम नहीं करते उनसे जरूर पार्टी बात करेगी.मध्य प्रदेश विधान सभा के चलते बयानों का दौर जारी है. इसी बीच बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव और इंदौर-1 से प्रत्याशी नेता कैलाश विजयवर्गीय ने अधिकारियों को लेकर बड़ा बयान. उन्होंने कहा कि अब अधिकारियों का राज और तानाशाही नहीं चलेगी. उन्होंने कहा कि "अब इंदौर में किसी अधिकारी का राज नहीं चलेगा, सिर्फ जनता का राज चलेगा. इनकी तानाशाही बिल्कुल नहीं चलेगी, मैं ये वादा करता हूं."



# प्याज आठ दिन पहले आम था, वह अब खास हो गया

## खुले बाजार में 60 से 70 रुपये किलो बिक रहा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में खुले बाजार में 60 से 70 रुपये किलो बिक रहा है। जो प्याज आठ दिन पहले आम था, वह अब खास हो गया है। देखना है कि सरकार प्याज की कीमतों पर लगाम लगाने के लिए क्या एहतियात बरतती है। कहीं चुनाव के अवसर पर प्याज इतिहास न दोहरा दे।**

पिछले चार पांच दिनों में प्याज के भाव में जबरदस्त उछाल आया है। अच्छी श्रेणी का प्याज मध्यप्रदेश के इंदौर में खुले बाजार में 60 से 70 रुपये किलो बिक रहा है। जो प्याज आठ दिन पहले आम था, वह अब खास हो गया है। सामान्य जनमानस की पहुंच से पहले टमाटर के लाल तेवर हुए, धीरे से उसका मिजाज भी ठंडा हुआ और वह अर्श से फर्श पर आ गया। चुनावी मौका है तो प्याज कहां पीछे रहने वाला था। अभी मतदान होने में 20 दिन बाकी हैं। देखना है कि प्याज के दाम कितनी ऊंचाई तक अपने कदम बढ़ाते हैं। प्याज की कीमतें क्या बढ़ीं, नगर में पोहे की दुकानों पर मूली ने दस्तक दे दी या प्याज थोड़ी मात्रा में दिया जाने लगा। होटलों में सलाद में प्याज की मात्रा कम कर दी गई। राज्यों में चुनाव और प्याज के मूल्यों की वृद्धि का खतरा कोई नई बात नहीं है। जब-जब चुनावी मौसम आता है, प्याज अपने तीखे तेवर दिखाने लग जाता है। केंद्र सरकार ने इस समस्या को अगस्त में ही भांप लिया था और प्याज निर्यात पर अंकुश लगाया था। साथ ही 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगा दिया था। प्याज की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकार बफर स्टॉक से प्याज की आपूर्ति करेगी।

### चुनाव और प्याज

चुनाव और प्याज का नाता वर्ष 1980 से है। जब पूर्व प्रधानमंत्री रहीं इंदिरा गांधी ने अपने प्रचार के दौरान चुनावी भाषणों में प्याज की कीमतों को मुद्दा बनाया था और वे इसी मुद्दे पर विजयी हुईं। प्याज की कीमतों में वृद्धि और जनता सरकार का हवाला देकर उन्होंने इस मुद्दे को भुनाया और सत्ता में उनकी वापसी हुई। वहीं, प्याज 1981 में जो एक रुपये किलो में बिक रहा था, वह छह रुपये तक पहुंच गया था। इस तरह प्याज की कीमतों ने इंदिरा गांधी की सरकार को आंसू ला दिए थे। वर्ष 1998 में प्याज की कीमतों ने अटल बिहारी की सरकार को परेशान कर दिया था। राजस्थान के चुनाव में भंवरसिंह शेखावत ने कहा था कि प्याज हमारे पीछे पड़ा हुआ है। 1998 में दिल्ली का चुनाव प्याज के मुद्दे पर लड़ा गया था और भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था। 2013 में दिल्ली में जब शीला दीक्षित चुनाव हारीं तब प्याज का मुद्दा अहम रहा था। तब शीला दीक्षित ने कहा था कि मैंने लम्बे समय के बाद भिंडी की सब्जी में प्याज का सेवन किया है।

### बारिश और मौसम की मार से बर्बाद हुआ प्याज

प्रदेश की सबसे बड़ी सब्जी मंडी चोइथराम में प्याज की सर्वाधिक आवक महाराष्ट्र से होती है। परंतु अधिक बारिश और मौसम की मार से फसलें प्रभावित हो गई हैं। इसलिए मंडी में आवक कम हो गई है। देश में सर्वाधिक प्याज महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, राजस्थान और बिहार में उपजाया जाता है। होलसेल बाजार में प्याज 40 से 50 रुपये किलो बिक रहा है तो खुले बाजार में गलियों तक आते-आते इसकी कीमतों में वृद्धि होना स्वाभाविक है। प्याज की कीमतों के हाल भोपाल मंडी में यही हैं। फसल के चक्र में विलंब और मांग आपूर्ति के अंतर ने प्याज को महत्वपूर्ण बना दिया है। जब तक प्याज की नई फसल की आवक नहीं होगी, तब तक कीमतों पर लगाम लगने की संभावना कम ही है। कीमतों पर अंकुश नहीं लगेगा, तब तक प्याज की कीमतें सियासी दांव खेलती रहेंगी और राजनीतिक दलों को आंसू लाती रहेगी।



# उपलब्धि पुरस्कार

## कुमारी पूर्वी शर्मा पिता एडवोकेट संतोष शर्मा को नेशनल कराटे चैंपियनशिप में

ब्रोंज मेडल एवं इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप तालकटोरा स्टेडियम न्यू दिल्ली में गोल्ड मेडल जीतकर इंदौर का नाम रोशन किया हाल ही में इंदौर कलेक्टर द्वारा एवं महिला बाल विकास विभाग के माध्यम से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार हेतु नाम दिल्ली भेजा गया है।






## आदर्श आचरण संहिता का पालन कराने के लिए डिप्टी कलेक्टर रहेंगे तैनात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने के अंतिम दिन 30 अक्टूबर को कलेक्टर कार्यालय परिसर में निर्वाचन आयोग के निदेर्शों और आदर्श आचरण संहिता का पालन कराये जाने के लिये विभिन्न डिप्टी कलेक्टरों की ड्यूटी लगाई गई है। यह अधिकारी सुबह 10 बजे से तैनात होकर कार्य समाप्ति तक रहेंगे। उक्त अधिकारी ड्यूटीरत कार्यपालिक दण्डाधिकारी पुलिस अधिकारी से समन्वय स्थापित कर कानून व्यवस्था की स्थिति बनाये रखना सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर कार्यालय परिसर की उक्त संपूर्ण व्यवस्था के प्रभारी संयुक्त कलेक्टर विजय मण्डलोई और राकेश मोहन त्रिपाठी रहेंगे।

एडीएम श्रीमती सपना लोवंशी द्वारा संबंध में जारी आदेशानुसार डिप्टी कलेक्टर श्री चंद्रसिंह धारवे बाह्य द्वार (जिला पंचायत की ओर), श्रीमती प्रिया वर्मा आंतरिक प्रवेश द्वार (पोर्च), श्रीमती सीमा कनेश मौर्य आंतरिक प्रवेश द्वार (ट्रेजरी की ओर), श्रीमती प्रिंयका चौरसिया आंतरिक प्रवेश द्वार (केन्टीन की ओर) तैनात रहेंगी। इसी तरह डिप्टी कलेक्टर श्री सी.एस. हुड्डा और सुश्री निधि वर्मा रिजर्व में रहेंगे। इसी तरह रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष के सामने भी नायब तहसीलदारों को तैनात किया गया है। इनमें जी-11 में श्री धर्मेन्द्र सिंह चौहान, जी-9 में सुश्री पूजा चौहान, जी-10 में श्री धीरेश प्रसाद सोनी, जी-7 में श्री जितेन्द्र सोलंकी, जी-3 में सुश्री निधि जायसवाल और जी-7 में ही श्री यशदीप रावत तैनात रहेंगे। कलेक्ट्रोरेट बाह्य द्वार पर नायब तहसीलदार श्री नागेन्द्र त्रिपाठी और आंतरिक मुख्य द्वार पर नायब तहसीलदार श्री ओंकार मनाग्रे की ड्यूटी लगाई गई है।

### पैंतीस वर्ष से अधिक उम्र वालों का परिचय सम्मेलन होगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। श्री अग्रसेन महासभा की मेजबानी में अब एक और अनूठे आयोजन की तैयारियां शुरू हो गई है। गत 22-23 अप्रैल को शुभ षष्टि परिणयोत्सव जैसे सार्थक आयोजन के बाद महासभा द्वारा अब अग्रवाल एवं वैश्य समाजों के 35 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे युवक-युवती प्रत्याशियों के लिए परिचय सम्मेलन का आयोजन 23-24 दिसम्बर को राष्ट्रीय स्तर पर किया जाएगा, जो किसी कारणवश या तो अब तक अविवाहित हैं या जिनके जीवन साथी किसी कारण से जीवन के उत्तरार्द्ध में उनका साथ छोड़ गए हैं। यह परिचय सम्मेलन बायपास स्थित अग्रसेन महासभा के मांगलिक भवन पर आयोजित होगा, जिसमें देशभर के 35 वर्ष से अधिक आयु के ही प्रत्याशी शामिल किए जाएंगे।



# जब तीनों परिवार आपस में ही लड़ते हैं तो प्रदेश का क्या भला करेंगे : शाह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को छिंदवाड़ा के जुन्नारदेव में एक रैली को संबोधित करते हुए कमलनाथ पर जमकर निशाना साधा। 'तीन तिगाड़ा काम बिगाड़ा' वाली कहावत का उदाहरण देते हुए शाह ने स्पष्ट किया कि, 'मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर उसे तीन परिवार चलाते हैं जिनमें से एक हैं गांधी परिवार, दूसरा है कमलनाथ परिवार और तीसरा बंटाधार दिग्विजय सिंह का परिवार।**



आपने कहा कि, परिवार के लिए राजनीति करने वाली पार्टी कभी देश का भला नहीं कर सकती। यहाँ आदेश गांधी परिवार का होता है, निर्देश कमलनाथ का होता है और जब गलती होती है तो चाँटा बेचारे दिग्विजय सिंह खाते हैं। ये परिवारवादी पार्टियाँ, जिनमें आपस में ही एकता नहीं है, वो प्रदेश का भला क्या करेंगे?' इस मौके पर अमित शाह ने जहाँ दिग्विजय सिंह को 'बंटाधार' की उपाधि दी वहीं, कमलनाथ को 'करप्शन नाथ' की उपाधि दी।

एक दौर था जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी हमेशा ताना मारते थे कि मंदिर वही बनाएंगे, लेकिन तारीख नहीं बताएंगे। अब तो मोदी जी ने प्रभु श्री राम का मंदिर भी बना दिया और तारीख भी बता दी। इस साल मध्य प्रदेश सहित देश की जनता तीन दिवाली मनाने वाली है। एक दिवाली के दिन, दूसरी मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार बनेगी तब और तीसरी दिवाली तब मनेगी, जब 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री मोदी के कर कमलों से भगवान श्री रामलला के मंदिर का उद्घाटन होगा।

कौन नहीं जानता कि मोजर बेयर घोटाला, अगस्ता बेस्ट लैंड घोटाला, इफको घोटाला, किसान कर्ज माफी घोटाला, गेहूँ बोनस जैसे सारे घोटाले कमलनाथ से जुड़े हुए हैं। मध्य प्रदेश में पहले दिग्विजय सिंह लूट मचाते थे और अब कमलनाथ लूट मचा रहे हैं।

पिछले 9 सालों में मोदी जी के नेतृत्व और अमित शाह के मार्गदर्शन में में एक से बढ़कर एक काम हुए हैं। चाहे राम मंदिर के निर्माण की बात हो, चाहे धारा-370 हटाकर कश्मीर में शांति स्थापित करना हो, चाहे तीन तलाक को समाप्त कर मुस्लिम महिलाओं को न्याय दिलाना हो, चाहे सर्जिकल और एयर स्ट्राइक के जरिए दुश्मनों को मुँहतोड़ जवाब देना हो, चाहे चंद्रमा पर चंद्रयान-3 भेजकर भारत को नई वैश्विक पहचान दिलानी हो, चाहे नई संसद भवन का निर्माण कर गुलामी की निशानी से आजादी दिलानी हो, चाहे नारी शक्ति के उत्थान के लिए एक तिहाई आरक्षण देना हो, हर क्षेत्र में देश के गौरव को बढ़ाने में मोदी-शाह की जोड़ी ने कोर-कसर नहीं छोड़ी।

बीते 9 सालों में पीएफआई जैसे दुर्दांत देशद्रोही संगठन को एक ही झटके में प्रतिबंधित कर देश से आतंकवाद को जड़ से खत्म करने का अभूतपूर्व काम किया गया है। कांग्रेस के जमाने में जल, जंगल और जमीन की बात होती थी, लेकिन अब जल, जंगल, जमीन के साथ सुरक्षा, सम्मान और समावेशी विकास की बात होती है। आजादी के बाद दशकों तक किसी भी सरकार ने राष्ट्रपति के पद पर आदिवासी को नहीं बैठाया, लेकिन मोदी-शाह की जोड़ी ने एक गरीब आदिवासी बेटी द्रौपदी मुर्मू को महामहिम राष्ट्रपति का दर्जा देकर आदिवासी समाज को सम्मान देने का काम किया है। भारतीय जनता पार्टी एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसके अंदर सबसे ज्यादा आदिवासी नेता, विधायक और मंत्री हैं। शाह की नीतियों से अमृतकाल में मध्य प्रदेश में कमल की जीत के साथ-साथ 2024 में एक बार फिर मोदी जी का प्रधानमंत्री बनना तय है।

# केंद्रीय मंत्री के काफिले की कार ने मारी टक्कर, दंपति सहित चार घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुरैना। चुनाव प्रचार कर रहे केंद्रीय मंत्री व दिमनी विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी नरेंद्र सिंह तोमर के काफिले की एक गाड़ी ने एक बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार पति, पत्नी सहित चार घायल हो गए। भाजपा नेता की गाड़ी ही घायलों को जिला अस्पताल लेकर आई।**

केंद्रीय मंत्री तोमर ने जींगनी में छोटी सी सभा रखी। जींगनी में सभा व प्रचार-प्रसार के बाद उनके काफिले में शामिल दर्जनों गाड़ियां दिमनी की ओर रवाना हुईं। जींगनी गांव के पास ही काफिले में चल रही एक तेज रफ्तार स्कार्पियो ने सामने से आ रही बाइक में टक्कर मार दी।

उक्त बाइक को कमतरी माता का पुरा गांव निवासी कीर्तराम निषाद चला रहा था, जो अपनी पत्नी गुड्डीबाई, बेटा भुवनेश व भतीजे अजय केवट को लेकर कहर आश्रम पर दर्शनों के लिए जा रहा था। स्कार्पियो की टक्कर से कीर्तराम व उसकी पत्नी के सिर में चोट लगी है। 9 साल के बेटे भुवनेश का एक पांव फ्रेक्चर हो गया।

वहीं, अजय केवट भी घायल हो गया। घायलों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। जींगनी के पास जहां यह हादसा हुआ, उससे चंद कदम की दूरी पर दो लोग और घायल हालत में मिले, इनकी बाइक को भी चुनाव प्रचार की गाड़ी द्वारा टक्कर मारने की चर्चा है।

जींगनी के पास ही सांगोली गांव निवासी लाखन सिंह और उनका बेटा रामवीर गुर्जर घायल हालत में मिले हैं, इन्हें भी जिला अस्पताल में लाया गया। इनको किस वाहन ने टक्कर मारी, इसे बताने को दोनों घायल तैयार नहीं।

# 2 बहनों के किडनैपर्स कोर्ट में पेश

## अर्चना का लिव इन पार्टनर निशांत बोला- रेप केस में फंसाने की देती थी धमकी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। भोपाल के कर्फ्यू वाली माता मंदिर परिसर से 2 बहनों को अगवा करने करने वाले आरोपियों की रिमांड खत्म हो गई। रविवार को सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। वहीं, पुलिस ने शनिवार को एक डॉक्टर कुमारी शक्ति देवी समेत दो को हिरासत में लिया है। महिला दिल्ली में नर्सिंग होम चलाती है। वह अन-वांटेड डिलीवरी के बाद बच्चों को अर्चना के हवाले कर दिया करती थी। अर्चना और उसका परिवार इनकी देख-रेख करता था। ग्राहक मिलने पर इन्हें बेच दिया जाता था। पुलिस ने इस डॉक्टर की निशानदेही पर एक अन्य मासूम को भी बरामद किया है।

### किडनैपिंग में साथ देने बनाती थी दबाव

रिमांड पर चारों आरोपी लगातार खुद को निर्दोष बताकर एक-दूसरे पर आरोप लगाते रहे। पहले अर्चना और उसके बेटे सूरज ने अपने आप को बेगुनाह बताया था। अब अर्चना सेन के लिव इन पार्टनर निशांत रामा स्वामी ने बताया कि कैसे वह अर्चना के संपर्क में आया। उसने यह भी बताया कि अर्चना उसे रेप केस में जेल भिजवाने का डर दिखाकर बच्चों की किडनैपिंग में साथ देने का दबाव बनाती रही।

निशांत ने पुलिस को बताया कि अर्चना मेरे संपर्क में आने से पूर्व से ही इस धंधे में शामिल थी। मैं टेक्निकल बैकग्राउंड से हूं। अच्छी नौकरी किया करता था। इस बीच अर्चना के संपर्क में आ गया। पहले में उसके साथ दिल्ली में रहा। फिर भोपाल आए। यहां अयोध्या बाइपास में किराए से रहने लगे।

वहा से इंग्लिश विला में रहने आ गए। कई बार मैने अर्चना को समझाने का प्रयास किया। वह नहीं मानी। बल्कि उल्टा मुझे ही फंसाने की धमकी देती थी। आए दिन विवाद कर रेप केस में फंसाने की बात कहती थी। जेल जाने के डर से मैं खामोश रहा और उसका साथ देता रहा। मैं अर्चना के ही कहने पर केरल में परिचितों को कॉल कर अविवाहित जोड़ों से पैदा हुए बच्चों को हम तक भेजने की बात कहता था। निशांत ने बताया कि अर्चना की 14 साल की बेटी और 19 साल का बेटा सूरज सेन भी मुझसे आए दिन बदसलूकी करते थे।

### डॉग फूड की दुर्गंध से घबराए लोग

अर्चना के इंग्लिश विला में स्थित बंद घर की गैलरी में जूते-चप्पल और साइकिल सहित अन्य सामान बिखरा पड़ा है। इस सामान में कुछ मूवर्स एंड पैकर्स के बॉक्स पड़े हैं। इसी के साथ एक बोरी भी इस बंद मकान में पड़ी थी। शनिवार दोपहर को इस बोरी में दुर्गंध आने के बाद गार्ड ने इसकी सर्चिंग की। इस बोरी में डॉग फूड था, जो सड़ चुका था। जिससे यह बदबू आ रही थी।

### हर महीने लाखों रुपए ट्रांजैक्शन किए

अर्चना ने इवेंट मैनेजमेंट की एक कंपनी के नाम से करंट अकाउंट खोल रखा है। इस अकाउंट से हर सप्ताह एक लाख रुपए से अधिक के ट्रांजैक्शन होते थे। इतनी रकम कहां से और क्यों आती जाती थी, इस संबंध में भी पुलिस जानकारी जुटा रही है। भोपाल में काजल (8) और दीपावली (11 माह) को कर्फ्यू वाली माता मंदिर परिसर से कन्या भोज कराने के बहाने शनिवार को अगवा किया था।

# संत अवधेशपुरी महाराज ने लिया यू टर्न

## नहीं लड़ेंगे दक्षिण से निर्दलीय चुनाव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। विगत दिनों उज्जैन दक्षिण विधानसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में भाजपा की नीतियों के विरोध में निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा करने वाले संत डॉ.अवधेशपुरी महाराज अपनी बात से पलट गए हैं। उन्होंने चुनाव लड़ने से इंकार करते हुए कहा कि मैं चुनाव लड़ूगा तो हिंदुत्व विरोधी पार्टियों का फायदा होगा।**

इस संबंध में भाजपा संभागीय कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में संत डॉ.अवधेशपुरी महाराज ने भाजपा दक्षिण के प्रत्याशी डॉ.मोहन यादव की उपस्थिति में पत्रकारों को जानकारी देते हुए कही। महाराजश्री ने कहा कि मैं चुनाव लड़ूंगा तो हिंदुत्व का विरोध करने वाली पार्टियों को फायदा होगा। इसलिए मैंने चुनाव लड़ने का अपना निर्णय बदल लिया है। भाजपा द्वारा उज्जैन दक्षिण सीट पर त्रिकोणीय मुकाबले से उत्पन्न खतरे को देखते हुए महाराजश्री को समझाईश देकर डैमेज कंट्रोल किया है।

# मौसम का मिजाज बदला, सुबह व शाम ठंड का असर दिखने लगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। शरद पूर्णिमा के साथ हवा का रूख बदलने से अब तापमान कम होने का क्रम शुरू हो गया है। शहर में सुबह व शाम ठंड असर का दिखाई देने लगा है। दीपावली बाद ठंड बढ़ने का अनुमान लगाया जा रहा है। वर्तमान में अभी न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है।**

जीवाजीराव वेधशाला अधीक्षक डॉ.राजेन्द्र कुमार गुप्त के अनुसार विगत दो-तीन दिनों से शहर के तापमान में कमी होना शुरू हो गई है। रात के तापमान में कमी आने से सुबह तेज ठंड महसूस हो रही है। दिन में धूप निकलने पर ठंड का असर कम हो रहा है। लेकिन शाम को सूरज ढलने के बाद फिर से गुलाबी ठंड का अहसास होने लगा है। दीपावली के बाद हवा का रूख बदलेगा और कडाके की ठंडक पड़ने लगेगी। इस बार औसतन से अधिक बारिश दर्ज हुई है,जिसके चलते नमी का वातावरण भी बना रहेगा और नवम्बर के बाद दिसंबर और जनवरी माह में भी ठंड बनी रहेगी। इस दौरान तापमान में उतार-चढ़ाव दिखाई देगा।

# बस ने कार, फिर बाइक में टक्कर मारी

## 9 साल की बच्ची की मौत, 5 घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा**। खंडवा में इंदौर हाइवे पर भीषण सड़क हादसा हो गया। घटना छैगांवमाखन से आगे भोजाखेड़ी में बस स्टैंड पर हुई है। तेज रफ्तार बस ने सामने से आ रही कार और बाइक को टक्कर मार दी। बाइक और कार सवार लोग घायल हो गए। हादसे में एक 9 साल की मासूम बच्ची की मौत हो गई। यात्री बस को छैगांवमाखन पुलिस की अभिरक्षा है। घायल जिला अस्पताल में भर्ती है।

पुलिस के अनुसार रविवार सुबह 10.30 बजे के करीब हादसा हुआ है। हादसा इतना भयावह था कि कार और बाइक के परखच्चे उड़ गए। पांच घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया है। यहां इलाज से पहले ही 9 साल की मासूम बच्ची ने दम तोड़ दिया। घायल और मृतक खंडवा के रहने वाले हैं। गुरूकृपा ट्रेवल्स की जय महाकाल बस इंदौर से खंडवा की तरफ आ रही थी। भोजाखेड़ी में फ्लाईओवर के पास हादसा हो गया। बस को छैगांवमाखन थाने में खड़ा कराया गया है।

Uttarpradesh

# Ghaziabad: छात्रा कीर्ति को ऑटो से खींचने वाला मुख्य आरोपी मुठभेड़ में ढेर, हमले में युवती की हो गई थी मौत

**गाजियाबाद, (एजेंसी)** गाजियाबाद में लूट के लिए ऑटो से इंजीनियरिंग की छात्रा को खींचने वाले मुख्य आरोपी और पुलिस के बीच सोमवार सुबह मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में आरोपी जितेंद्र मारा गया है। जानकारी के अनुसार, सोमवार तड़के करीब पांच बजे मसूरी क्षेत्र में नहर पटरी पर पुलिस और लुटेरे के बीच मुठभेड़ हुई। जितेंद्र पर 12 से ज्यादा लूट के मामले और एक गैंगस्टर का मुकदमा भी था। छात्रा से लूट के मामले में फरार होने के बाद उस पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था।

दरअसल, एनएच-9 पर उद्योग कुंज के पास लुटेरों के हमले में घायल हुई इंजीनियरिंग की छात्रा कीर्ति ( 19) की उपचार के दौरान रविवार की शाम मौत हो गई थी। बाइक सवार लुटेरों ने मोबाइल फोन लूटने के लिए उसे ऑटो से खींचने का प्रयास



किया था। सड़क पर गिर जाने से उसके सिर की हड्डी टूट गई थी। डॉक्टरों ने उसका आपरेशन किया था, लेकिन जान नहीं बच सकी। हापुड़ के पन्नापुरी निवासी रविंद्र की बेटी और गाजियाबाद के एबीईएस इंजीनियरिंग कॉलेज में बीटेक प्रथम वर्ष की होनहार छात्रा कीर्ति के साथ घटना 27 अक्तूबर की शाम करीब साढ़े चार बजे हुई थी।

वह सहेली दीक्षा के साथ घर जा रही थी। पीछा करते आ रहे बाइक सवार दो बदमाशों ने उससे मोबाइल फोन छीनने का प्रयास किया। उसने विरोध किया तो उसका हाथ पकड़कर बाहर की ओर खींच दिया। वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। मोबाइल फोन बदमाश के हाथ में आ गया। बदमाश मोबाइल लूटकर भाग गए थे। सहेली और ऑटो चालक ने कीर्ति को अस्पताल में भर्ती कराया था। उसे पहले पिलखुवा के मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। वहां से गाजियाबाद के यशोदा अस्पताल भेजा गया।

Jammu

## श्रीनगर में आतंकी हमला: क्रिकेट खेल रहे पुलिस अधिकारी को आतंकियों ने बनाया निशाना, ताबड़तोड़ की गोलीबारी

**श्रीनगर, (एजेंसी)** कश्मीर जोन पुलिस ने बताया कि श्रीनगर के ईदगाह के पास आतंकवादियों ने इंस्पेक्टर मसरूर अहमद पर गोली मार कर उन्हें घायल कर दिया। घायल इंस्पेक्टर को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आतंकवादी अपराध में पिस्तौल का इस्तेमाल किया गया है। पुलिस और सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है। मौके पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

श्रीनगर का ईदगाह इलाका व्यस्तम इलाकों में से एक है। रविवार को अन्य दिनों के मुकाबले में यहां अधिक भीड़ होती है। शहर के अलग-अलग हिस्सों में बड़ी संख्या में युवा यहां क्रिकेट खेलने के लिए पहुंचते हैं। सूत्रों के अनुसार, इंस्पेक्टर मसरूर अहमद भी रविवार को क्रिकेट खेलने के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान आतंकी खेल मैदान में आ घुसे और उन्हें एक के बाद एक गोलियां दाग कर इंस्पेक्टर मसरूर को लहूलुहान कर दिया।

हमले को अंजाम देकर आतंकी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस और सुरक्षा बल मौके पर पहुंचे। आनन-फानन घायल पुलिस अधिकारी को अस्पताल ले जाया गया। पुलिस आतंकियों के तलाश में जुट गई है।

Uttarpradesh

## बुखार का खौफ... इस गांव के पास से भी गुजरने से डर रहे लोग, 10 दिन में आठ ग्रामीणों की हो चुकी है मौत

**शाहजहांपुर, (एजेंसी)** शाहजहांपुर के कांट ब्लॉक का अभायन गांव बुखार की चपेट में है। दस दिन में आठ लोगों की मौत हो चुकी है और 50 से ज्यादा लोग अभी भी बीमार हैं। इस गांव में बुखार का प्रकोप आसपास के छह गांवों में लोगों को डराने लगा है। संक्रमण से बचने के लिए वे अभायन के पास से गुजरने से परहेज करने लगे हैं। आलम यह है कि इसके लिए वे चार-पांच किलोमीटर की अधिक दूरी तय कर रहे हैं। कांट कस्बे से करीब एक किलोमीटर दूर स्थित तीन हजार आबादी के अभायन गांव में पिछले 15 दिनों से बुखार फैला हुआ है। गांव में बुखार से नसीम बेगम (50) पत्नी कल्लू, ब्रजेश (18) पुत्र लाखन, उर्मिला (40) पत्नी ताराचंद, सुशीला (70), प्रेमपाल (60), श्यामलाल (80), कप्तान (50) और प्रतिपाल (45) की मौत हो चुकी है। इसके अलावा गांव में बबलू, जाफरीन, मिथिलेश, मोनू, अनलेश, संजीव, विजपाल, दिनेश, सुधीर, राजवीर, मुन्ना समेत 50 से ज्यादा लोग बुखार से पीड़ित हैं।

Keral

## 'मैंने किए बम धमाके', केरल में सीरियल ब्लास्ट की शख्स ने ली जिम्मेदारी, पुलिस के सामने किया सरेंडर

**कोच्चि, (एजेंसी) केरल के थ्रिसूर में एक व्यक्ति ने कलामसरी में हुए धमाकों की जिम्मेदारी ली है। इस व्यक्ति ने अपना नाम डोमिनिक मार्टिन बताया है। डोमिनिक ने दावा किया है कि उसने कन्वेंशन सेंटर में तीन बम लगाए थे। रविवार सुबह इन बमों में धमाका हुआ और एक महिला की मौत हो गई, जबकि 40 लोग घायल हुए हैं।**

कलामासारी के एडीजीपी लॉ एंड ऑर्डर अजित कुमार ने इसकी जानकारी दी। अजित कुमार ने बताया कि थ्रिसूर ग्रामीण के कोडाकारा पुलिस थाने में एक व्यक्ति ने आत्मसमर्पण किया है। इस व्यक्ति ने सभा के ग्रुप से ही होने का दावा किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस इसको वेरिफाई करने में जुटी है। अजित कुमार के मुताबिक जांच में केस के सभी पहलुओं पर नजर रखी जा रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह धमाका हॉल के सेंट्रल पार्क में हुआ था। हालांकि पुलिस ने अभी तक यह कन्फर्म नहीं किया है कि आत्मसमर्पण करने वाला व्यक्ति वास्तव में धमाके पीछे है या नहीं? मामले की तह तक जानने के लिए पुलिस फिलहाल पूछताछ में जुटी हुई है। शुरुआती जांच के मुताबिक विस्फोटक टिफिन में रखे गए थे और पहला धमाका सुबह 9.40 पर हुआ था।

खेल

# वर्ल्ड कप इतिहास की दूसरी सबसे सफल टीम बना भारत, इंग्लैंड को हराकर हासिल की बड़ी उपलब्धि

**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया ने वर्ल्ड कप 2023 के 29वें मुकाबले में इंग्लैंड को हराकर ना सिर्फ पॉइंट्स टेबल में टॉप किया, बल्कि वर्ल्ड कप के इतिहास की दूसरी सबसे सफल टीम बनने की उपलब्धि भी अपने नाम की। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में गत चैंपियन इंग्लैंड को 100 रनों से रौंदकर भारत ने वर्ल्ड कप इतिहास में अपनी 59वीं जीत दर्ज की, इसी के साथ टीम इंडिया वर्ल्ड कप की हिस्ट्री में सबसे अधिक मैच जीतने वाली दूसरी टीम बन गई है। इस सूची में भारत ने न्यूजीलैंड को पछाड़ा है जिनके नाम वर्ल्ड कप में 58 जीत दर्ज है। वहीं 5 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के नाम वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा जीत दर्ज करने का रिकॉर्ड है, कंगारुओं ने अभी तक वर्ल्ड कप में कुल 73 मैच जीते हैं।

भारत की इस जीत के साथ जोस बटलर की अगुवाई वाली



इंग्लिश टीम के नाम भी एक शर्मनाक रिकॉर्ड जुड़ा। इंग्लैंड वर्ल्ड की यह वर्ल्ड कप 2023 में लगातार चौथी है हार है, एक वर्ल्ड चैंपियन टीम के रूप में इंग्लैंड ने लगातार चार मैच हारकर ऑस्ट्रेलिया की बराबरी कर ली है। ऑस्ट्रेलिया भी 1987 वर्ल्ड कप जीतने के बाद 1992 में लगातार चार मुकाबले हारा था। अगर इंग्लैंड अपना अगला मैच भी गंवाता है तो यह डिफेंडिंग चैंपियन टीम के लिए एक वर्ल्ड रिकॉर्ड होगा। इसके अलावा इंग्लैंड अपने पिछले तीन मुकाबलों में 200 रन के अंदर ऑलआउट हुआ है, यह घटना भी इंग्लैंड के साथ इस वर्ल्ड कप में पहली बार घटी है। इससे पहले लगातार इतनी बार इंग्लिश टीम 200 रन के अंदर नहीं सिमटी थी। इंग्लैंड के 6 बल्लेबाज भारत के खिलाफ बोल्ड हुए हैं, 1975 के बाद वर्ल्ड कप में यह पहली बार हुआ है। 1975 में इंग्लैंड ने ईस्ट अफ्रीका के 6 बैट्समैन को बोल्ड किया था।

बात मुकाबले की करें तो, टॉस हारकर भारत को इस वर्ल्ड कप में पहली बार टारगेट सेट करने का मौका मिला। टॉप ऑर्डर के बल्लेबाज पिच को रीड करने में नाकाम रहे और सस्ते में पवेलियन लौट गए। हालांकि कप्तान रोहित शर्मा ने 87 रनों की पारी खेल टीम को 229 के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। इस दौरान उनका साथ केएल राहुल ने 39 रनों की पारी खेलकर दिया, वहीं अंत में सूर्यकुमार यादव ने भी 49 रनों की शानदार पारी खेली।

इस स्कोर को भारतीय गेंदबाजों ने अपनी कातिलाना गेंदबाजी के दम पर आसानी से डिफेंड किया। जसप्रीत बुमराह ने जहां इंग्लैंड को शुरुआती झटके दिए, वहीं मोहम्मद शमी ने उनके मिडिल ऑर्डर को समेट कमर तोड़ी। रही सही कसर कुलदीप यादव ने पूरी कर दी। बुमराह को इस दौरान 3, शमी को 4 और कुलदीप को 2 सफलताएं मिली। इंग्लैंड की पूरी टीम 34.5 ओवर में 129 के स्कोर पर ही सिमट गई।

सिनेमा

## सारा अली खान ने दिखाई केदारनाथ यात्रा की झलक, फैन्स को याद आए सुशांत सिंह राजपूत



सारा अली खान को ट्रैवलिंग का बहुत शौक है। काम से फुरसत मिलते ही वह देश-विदेश की यात्राओं पर निकल पड़ती हैं। इनमें उनकी धार्मिक यात्राएं भी काफी होती हैं। रविवार को सारा ने केदारनाथ यात्रा का वीडियो पोस्ट किया। जिसमें उन्होंने यात्रा के अनुभवों को शेयर किया। खूबसूरत वादियों के बीच वह स्थानीय खाने का भी लुत्फ उठाती हैं। सारा की पहली फिल्म 'केदारनाथ' की शूटिंग यहीं हुई थी। ऐसे में इस जगह से उनका गहरा लगाव है। वीडियो देखते ही कई यूजर्स ने सुशांत सिंह राजपूत को याद करते हुए कमेंट किया जो कि उनके डेब्यू फिल्म में हीरो थे। वीडियो में सारा पहाड़ियों के बीच बैठी हुई दिखती हैं। एक जगह वह पहाड़ी सब्जी दिखाती हैं। सारा भगवान की मूर्ति के सामने ध्यान लगाकर बैठती हैं तो साधु-संतों से आशीर्वाद भी लेती हैं। आगे वह ठंडे पानी से मुंह धोती हैं। बैकग्राउंड में फिल्म 'केदारनाथ' का गाना 'काफिराना' बजता है। कमेंट सेक्शन में एक यूजर ने कहा, 'यह गाना मुझे फिल्म में उनके और सुशांत के सीन की याद दिलाता है।' एक ने कहा, 'यह यात्रा आसान दिखाई देती है लेकिन असल में काफी कठिन है।' एक यूजर लिखता है, 'वाह दीदी, सुशांत सर की याद दिला दी।' एक ने कमेंट किया, 'कितना भी ट्रोल कर लो भक्ति नहीं रुकेगी।'

# संपादकीय

## जरूरत बस प्रतिभाओं को चुनने की

हांगझाउ में ही एशियाई खेलों में भारतीय खिलाड़ी अबकी बार, सौ के पार के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरे थे और उसे पार कर एक सौ सात पदक जीते थे। अब पैरा एशियाई खेलों में उससे चार पदक ज्यादा हासिल करना इस बात का संकेत है कि आने वाले वक्त में अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भारतीय खिलाड़ियों को भी इस क्षेत्र में दुनिया के मजबूत देशों के समकक्ष रख कर देखा जाएगा। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि भारत में प्रतिभाएं बिखरी पड़ी हैं, जरूरत बस उन्हें चुनने की है। हौसला बुलंद हो तो कामयाबियों की राह अपने आप खुल जाती है। हाल ही में एशियाई खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने साबित किया कि सही दिशा में की गई कोशिश से मैदान में जीत और उपलब्धियों का परचम लहराया जा सकता है। अब उसके कुछ ही दिनों बाद हांगझोउ में आयोजित पैरा एशियाई खेलों में भी भारतीय पैरा एथलीटों ने अपनी जिस काबिलियत का प्रदर्शन किया, वह देश और यहां के लोगों के लिए सुखद भविष्य की उम्मीद जगाता है। हांगझाउ में शनिवार को समाप्त हुए एशियाई पैरा खेलों में शुरूआत से ही भारतीय खिलाड़ियों ने अपनी मजबूत मौजूदगी बनाए रखी और वह निरंतरता आखिर तक बनी रही। अपनी जीत के अभियान में हमारे खिलाड़ियों ने कुल एक सौ ग्यारह पदक जीते, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित बहु-खेल प्रतियोगिता में देश के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है। अलग-अलग खेलों में पैरा एथलीटों ने उनतीस स्वर्ण पदक, इकतीस रजत और इक्यावन कांस्य पदक जीते। इस कामयाब प्रदर्शन के बूते भारत ने इन खेलों की पदक तालिका में पांचवा स्थान हासिल किया, जो पिछले प्रदर्शनों के मुकाबले काफी बेहतर रहा। गौरतलब है कि पहला पैरा एशियाई खेल 2010 में चीन के ही ग्वांगझू में आयोजित किया गया था और उसमें भारत को सिर्फ एक स्वर्ण सहित चौदह पदक से संतोष करना पड़ा था। तब भारत पदक तालिका में पंद्रहवें स्थान पर रहा था। उसके बाद धीरे-धीरे सुधार हुआ, मगर इस बार पांचवें थान पर आना यह बताता है कि भारतीय खिलाड़ी अब किसी प्रतियोगिता में सिर्फ उपस्थिति दर्ज कराने के लिए नहीं, बल्कि सक्षम और मजबूत माने जाने वाले देशों के मुकाबले में खड़ा होकर मैदान जीतने के लिए जाते हैं। इस बार की सामूहिक कामयाबी में एथलेटिक्स का सबसे ज्यादा यानी पचपन पदकों का योगदान रहा। दूसरे स्थान पर भारतीय शटलर रहे, जिन्होंने इक्कीस पदक जीते। इसी तरह शतरंज, तीरंदाजी और निशानेबाजी में भी भारतीय खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा साबित की। मसलन, बिना हाथ की तीरंदाज शीतल देवी इन खेलों में एक ही सत्र में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली महिला बनीं। सभी खिलाड़ियों ने अपने इसी तरह के जज्बे का प्रदर्शन किया। इस पैरा एशियाई खेलों में खिलाड़ियों ने अपनी जिस क्षमता का प्रदर्शन किया उससे साफ है कि प्रतिभा की खोज और सही दिशा में उनका प्रशिक्षण सुनिश्चित करके अवसर मुहैया कराए जाएं, तो नतीजे चौंकाने वाले आ सकते हैं।

### अर्ज किया है..!

*चुप यूं नहीं*
*की लफ्ज कम है*
*चुप यूं है*
*कि लिहाज बाकी है*




**शिक्षा दे वो शिक्षक... दीक्षा दे वो गुरु.. परन्तु जो हर तरह की भिक्षा अपनी झोली में दे वो सद्गुरु....**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

### सैर सपाटा

# भारत की इन जगहों से चांद दिखता है बेहद सुंदर

◆ करवाचौथ पर कर सकते ट्रिप प्लान



**भारत में कई ऐसी जगह हैं जहां पर लोग सूर्यास्त देखने के लिए जाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कुछ जगह ऐसी भी हैं जो मून व्यू के लिए फेमस हैं। इन जगहों पर आप अपने पार्टनर के साथ जा सकते हैं। करवाचौथ एक ऐसा त्योहार है जिसमें पत्नी अपने पति की लंबी आयू की कामना करती है और दिनभर उपवास करती है। फिर रात में चांद को देखने के बाद ही अपने उपवास को खोलती है। इस दिन आप पार्टनर को घूमाने ले जा सकते हैं। चांद के सुंदर नजारा देखने के लिए जानिए कहां जा सकते हैं।**

### ◆ कन्याकुमारी बीच, तमिलनाडु

कन्याकुमारी बीच वो पॉइंट है, जहां अरब सागर, बंगाल की खाड़ी और हिंद महासागर मिलते हैं। इस बीच से सूर्योदय और सूर्यास्त का अद्भुत नजारा देखने को मिलता है। रात में चांद का यहां एक सुंदर और शांत नजारा देखने मिलता है। करवाचौथ पर पार्टनर को यहां घूमाने के लिए लेकर जा सकते हैं।

### ◆ मरीन ड्राइव, मुंबई

मरीन ड्राइव को क्वीन्स नेकलेस के नाम से भी जाना जाता है। इस जगह से अरब सागर का शानदार नजारा देखने को मिलता है। रात के दौरान चांद की चांदनी का शानदार नजारा दिखता है। करवाचौथ के दिन आप अपनी वाइफ को इस जगह पर लेकर जा सकते हैं।

### ◆ पुष्कर झील, राजस्थान

पुष्कर राजस्थान का एक पवित्र शहर है जो ब्रह्मा मंदिर और वार्षिक पुष्कर ऊंट मेले के लिए प्रसिद्ध है। यह एक खूबसूरत झील है, जहां आप अपने पार्टनर के साथ चांद के खूबसूरत नजारे को देख सकते हैं। ये झील कई मंदिरों से घिरी हुई है, ऐसे में आप करवाचौथ पर पार्टनर के साथ यहां जा सकते हैं।

### ◆ चंद्रशिला, उत्तराखंड

चंद्रशिला गढ़वाल हिमालय में एक शिखर है, जो 4,000 मीटर की ऊंचाई पर है। यह एक ट्रैकिंग डेस्टिनेशन है। रात के दौरान, बर्फ से ढकी चोटियां चांद की चांदनी में बेहद सुंदर दिखती हैं। अगर आपका पार्टनर एडवेंचर्स है तो आप उनके साथ यहां जा सकते हैं।

## Highlights

- **Helpline numbers issued as 2 trains collide in Andhra killing 6**
- **Death toll in Andhra Pradesh train accident rises to 13**
- **Death toll in Kerala blasts incident rises to 3, all-party meet today**
- **Vande Bharat train runs over woman, her 2 daughters in UP**
- **Jaishankar meets families of 8 Indians on death row in Qatar, says 'efforts on for release'**

# ‘PM Modi works 14-16 hrs daily’: Industrialist Sajjan Jindal backs Narayan Murthy's ‘70-hour work week' advice

**NEW DEIHI, (Agency).** Industrialist Sajjan Jindal on Friday backed Infosys co-founder Narayana Murthy's statement that youngsters in India must work for at least 70 hours a week.

The JSW Group chairperson said that he wholeheartedly endorsed Murthy's statement, adding that a five-day week culture is not what a rapidly developing country like India needs.

We're now on WhatsApp. Click to join.

“Our PM Narendra Modi ji works over 14-16 hours everyday. My father used to work 12-14 hours, 7 days a week. I work 10-12 hours everyday,” Jindal wrote on X, formerly Twitter. “We have to find passion in our work and in nation building.”

Further, Jindal pointed out that India's circumstances and challenges are unique from those in the developed nations.

“They (developed nations) are working 4 or 5 days a week because their earlier generations clocked longer and more productive hours. We can't let shorter work weeks



elsewhere become our standard!” he pointed out.

Emphasising that India's greatest strength is its youth, Jindal said that the younger generation has to prioritise work over leisure in the country's journey to become a superpower.

“As we progress, there will be opportunities for comfort, and the youth of 2047 will reap the benefits of our sacrifices and diligence,” the JSW Group chairperson wrote.

He also added: “It's not about burnout, it’s about dedication. We have to make India an economic superpower that we can all be proud of.”

Murthy's remarks

Earlier, in a conversation with Infosys former CFO Mohandas Pai, Murthy said that India needs to boost work productivity if it wishes to compete with the fastest-growing countries like China and Japan.

Murthy made the remarks while appearing on the first episode of 3one4 Capital's podcast ‘The Record’.

“After the Second World War, the people of Germany and Japan worked for extra hours for the sake of their country. The youngsters in India also own the country and work hard for the sake of our economy,” Murthy noted.

# Microsoft Teams to enable phone calls; US giant partners with Airtel

**NEW DEIHI, (Agency).** Microsoft is planning to introduce a new feature to its conference call platform Microsoft Teams -- phone calls. The US software giant has partnered with India's Bharti Airtel to enable the feature on the computer and mobile applications.

The company said in a statement that it was the first time an over-the-top player in the country will be able to




connect mobile and landline users.

The statement added that the service will only be available to enterprises as of now.

"Airtel's traditional strength of connectivity combined with Microsoft's technology will result in reliability, cost savings, ease of management and, most importantly, scalability for all customers, ensuring that going forward they can focus solely on productivity," Airtel IQ, Business Head, Abhishek Biswal said in the statement.

This feature entails users directly texting and calling external users through the application. The main feature is to streamline communications and collaboration within businesses.

"We are thrilled to partner with Airtel and introduce an innovative solution that will enable India's workforce to unlock a new level of productivity, collaboration, and efficiency, transforming the future of work in the country," Microsoft, Country Head, Modern Work & Surface, India & South Asia, Shruti Bhatia said.

# महिला ने फांसी लगाकर की खुदकुशी, डेढ़ साल पहले ही हुई थी शादी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। तिलक नगर में रहने वाली 24 साल की एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। बताया जाता है कि परिवार के लोग घर की सफाई में लगे थे। इसी दौरान ऊपर कमरे में जाकर महिला ने फांसी लगा ली। परिवार के लोग शाम को एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।**

तिलक नगर पुलिस के मुताबिक नीलम (24) पति स्वप्निल तिवारी निवासी निधिवन ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने बताया कि नीलम के परिवार में सास-ससुर और पति हैं। रविवार को घर की सफाई चल रही थी। इस दौरान नीलम अपने कमरे में गई और फंदा लगा लिया। बाद में परिवार के लोगों ने उसे देखा ओर एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे।

परिवार के लोगों ने बताया कि अप्रैल 2022 में ही नीलम की शादी हुई थी। उसका मायका सिवनी के पास है। स्वप्निल दिल्ली में निजी कंपनी में कार्यरत है। दशहरे की छुट्?टी के चलते वह इंदौर आया हुआ था। पुलिस के मुताबिक मायके पक्ष के बयान के बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा। अभी किसी तरह का सुसाइड नोट सामने नहीं आया है। पुलिस के मुताबिक संभवतः नव दंपती के बीच साथ में रहने की बात पर कहासुनी हुई है। परिवार के बयान के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

# पिस्टल के साथ पकड़ाया आरोपी

## सोशल मीडिया पर वीडियो डाला था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, इंदौर। आपरेशन क्राइम कंट्रोल के दौरान सक्रिय मुखबिरों से क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि एक बदमाश सोशल मीडिया पर पिस्टल के साथ वीडियो अपलोड कर आतंक फैलाने की कोशिश कर रहा है। वह नार्थतोड़ा के पास वाली गली में पिस्टल लेकर घूम रहा था। टीम ने सेंट्रल कोतवाली पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर आरोपी पीयूष उर्फ आयुष सूर्यवंशी को पिस्टल सहित गिरतार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी दो केस दर्ज हैं। उससे पूछताछ कर ये पता लगाया जा रहा है कि वह पिस्टल कहां से लाया था। कई हथियारबाजों के सुराग मिलने की संभावना है।

# महिला से पर्स लूटने वाला लुटेरा गिरफ्त में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एक महिला से पर्स लूट कर फरार होने वाले बदमाश को पुलिस ने गिरफ्त में लेकर उसके पास से आरोपी से लूटा गया पर्स एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त की है। आरोपी पकड़ में ना आ पाए, इस कारण पहचान छुपाने के लिए, अकेले ही घटना को अंजमा दिया था। आरोपी कुछ दिन पूर्व ही नशा मुक्ति केन्द्र (रिहेब सेंटर) से छूट कर आया था। परिवार से छुपकर नशा करने की आदत ने उसे लुटेरा बना। पुलिस ने 3 सौ से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगाले तब जाकर आरोपी का सुराग मिला और वह पकड़ा गया।**

कनाड़िया पुलिस ने बताया कि 22 अक्टूबर को फरियादीया कल्पना सक्सेना पति स्व. जयप्रकाश सक्सेना निवासी-ग्रीनवैली कनाडिया रोड ने रिपोर्ट किया कि कोई अज्ञात बाईक सवार, फरियादिया का पर्स छीनकर भाग गया है। जिस पर्स मे एक मोबाईल, चांदी की बासुरी, नगदी 2500/- रुपये रखे हुए थे।

उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने आरोी की तलाश शुरू की। लुटेरे के करीब 300 कैमरे के फुटेज चेक कर टीम द्वारा बडी ही मेहनत से आरोपी की पहचान की जाकर आरोपी के गिरफ्तारी के प्रयास किये गये। जिसके फलस्वरूप आईवोन जेराल्ड उम्र 26 साल निवारी- पुष्प नगर, खजराना चौराहा को पकड़ने में सफलता मिली। पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से उक्त घटना में लूटा गया मशरूका एक चांदी की बांसुरी, नगद राशि 1500/- रुपये व एक सेमसंग कंपनी का एड्राइड फोन एम 21 कुल कीमती करीबन 1,02000/- रुपये बरामद किये गये । आरोपी से घटना में प्रयुक्त एचएफ डिलक्स बाईक भी जप्त की गई है।

आरोपी ने पूछताछ पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया है । आरोपी नशा करने का आदी है और फरवरी 2023 मे ही नशा मुक्ति केन्द्र से छुटकर आया है, अपने इस नशे करने की लत के कारण ही लूट की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी के विरुद्ध थाना पलासिया मे 34 आब. एक्ट का अपराध पूर्वमें पंजीबद्ध है, अन्य अपराधों के बारे में जानकारी निकाली जा रही है।

## साइबर अपराधों से बचने का लिया व्यवहारिक ज्ञान

**इंदौर।** पुलिस द्वारा साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये, इसके प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से लगातार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के स्टूडेंटस को अति. पुलिस उपायुक्त क्राइम इंदौर और टीम ने साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया। सायबर अवेयरनेस के तहत रीगल चौराहा स्थित पुलिस कार्यालय के सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स के लिए आयोजित कार्यक्रम में एडीशनल डीसीपी क्राइम राजेश दंडोतिया ने, अपनी 184 वीं कार्यशाला में करीब 100 स्टूडेंट्स को वर्तमान समय के विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों और इनसे बचने के तरीकों को बताया। साथ ही उन्हें पुलिस के पास आने वाली साइबर अपराधों की शिकायतों की केस स्टडी के आधार पर विभिन्न प्रकार के साइबर फ्रॉड आदि की जानकारी देते हुए, साइबर अपराध होने पर साइबर हेल्पलाइन-1930, इंदौर पुलिस की साइबर हेल्पलाइन 704912445 आदि पर किस प्रकार शिकायत करें एवं किन बातों का ध्यान रखें आदि के संबंध में व्यावहारिक ज्ञान दिया गया। उन्होंने सभी से कहा कि आज और आने वाला समय डिजिटल काम करने का समय हैं, जिसमें जरा सी गलती होने पर साइबर फ्रॉड होने की संभावना रहती है। इसलिए हमें हमारी डिजिटल सिक्योरिटी को ध्यान में रखते हुए पूरी तरह जागरूक और सतर्क रहकर सोशल मीडिया और ऑनलाइन फाइनेंशियल काम करने की जरूरत हैं।

## दो मेकअप आर्टिस्ट युवतियां हादसे का शिकार, हालत गंभीर

**इंदौर।** भंवरकुआ इलाके में रविवार को प्री वेडिंग शूट के दौरान इंदौर से अपने घर जा रही दो एक्टिवा सवार युवतियां हादसे का शिकार हो गई। उन्हें एक कार ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद दोनों को एमवाय अस्पताल ले जाया गया। दोनों की हालत गंभीर है। पुलिस के मुताबिक घटना आईटी पार्क चौराहे की है। यहां एक्टिवा सवार हर्षिता पुत्री देवेन्द्र निवासी धामनोद ओर उसकी साथी जिज्ञासा निवासी शक्तावत खरगोन को सामने से आ रही कार ने जोरदार टक्कर मार दी। कार दोनों को कई फीट तक गाड़ी सहित घसीटते हुए ले गई। दोनों के साथ आए युवकों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। दोस्तों के मुताबिक दोनों युवती मेकअप आर्टिस्ट का काम करती है। जो इंदौर प्री-वेंडिग शूट में दुल्हन के मेकअप के लिये आई थी। पुलिस ने टक्कर मारने वाली कार जब्त की है।

## डॉक्टर को मिली धमकी

**इंदौर।** खजराना क्षेत्र में अज्ञात आरोपी ने एक डॉक्टर को चुनाव नहीं लड़? का कहकर जान से मारने की धमकी दी। थाना खजराना पुलिस ने बताया कि डॉक्टर नईम अंसारी (67) निवासी गौहर की रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइल नंबर के धारक पर केस दर्ज कर लिया गया। उन्होंने बताया कि 28 अक्टूबर की रात 11.05 बजे उनके मोबाइल पर धमकी भरा कॉल आया था। कॉल करने वाले ने कहा कि चुनाव न लड़े और गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी।

# समूह की महिलाओं को लगाई चपत

## ◆ दो लाख रुपए लेकर फरार हुआ युवक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एक युवक समूह की महिलाओं के दो लाख रुपए की चपत लगाते हुए रुपए लेकर फरार हो गया। मामले में खुड़ैल पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी युवक की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक राहुल पिता रमेशचन्द्र धाकड़ निवासी ग्राम धिचलाय जिला देवास की रिपोर्ट पर आरोपी संदीप गुर्जर निवासी ग्राम बल्डिया गुर्जर जिला शाजापुर के खिलाफ धोखाधड़ी और अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया। मामला भारत फायनेंशियल इन्क्लूजन लिमिटेड शाखा डबल चौकी का है। यहां कलेकशन का काम करने वाले आरोपी संदीप गुर्जर ने समूह की महिलाओं से लिए लोन की किस्तें ली थीं। आरोपी किश्तों का कुल कलेक्शन 2 लाख 23 हजार 925 रुपए लेकर फरार हो गया।

इसी प्रकार बाणगंगा पुलिस ने खाद्य अधिकारी राहुल शर्मा की रिपोर्ट पर सतीश अग्रवाल, सक्षम अग्रवाल, हरभजनसिंह, परदेशीपुरा के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। आरोपियों के पास से नब्बे चावल के कट्टे जब्त किए थे, जो कालाबाजारी कर ले जा रहे थे।

# ट्रांसपोर्ट कर्मचारी को सीने में चाकू मारा, हालत गंभीर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** रावजी बाजार ट्रांसपोर्ट कर्मचारी को दो बदमाश शनिवार रात बात करने का बहाना करके साथ ले गए ओर सीने में चाकू मारकर भाग गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक गणेश पुत्र मनोज डागर निवासी गाड़ी अड्डा की शिकायत पर प्रिन्स पुत्र बबलू विश्नार निवासी एच कालोनी और सुमित पुत्र संजय मेवा के खिलाफ हत्या के प्रयास के मामले में केस दर्ज किया है। गणेश ने बताया कि शनिवार रात में वह ट्रान्सपोर्ट से काम करके घर के अन्दर जा रहा था तभी प्रिन्स और सुमित मेवा मेरे पास आए और कहा कि पीछे रेलवे पटरी के पास चलो, कुछ जरूरी बात करना है। इसके बाद दोनों ने यहां विवाद किया। सुमित ने दोनों हाथ पकड़े और तथा प्रिन्स ने चाकू निकाल कर मेरे सीने में मार दिया। मेरे चीखने के बाद आरोपी वहां से फरार हो गए। बाद में दो दोस्त निखिल और अन्य की मदद से अस्पताल पहुंचा। यहां गणेश की हालत गंभीर बनी हुई है।

# श्वान रखने पर पंजीयन नहीं कराने पर अब जुर्माना दस गुना बढ़ाने की तैयारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** श्वानों द्वारा लोगों को काटने की घटनाएं इंदौर में लगातार बढ़ रही हैं। इसके लिए प्रशासन महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रहा है। श्वान रखने पर पंजीयन कराना अनिवार्य है। फिलहाल पालतू श्वान का पंजीयन नहीं कराने पर 100 रुपये जुर्माना लगाया जाता है। अब इसे 10 गुना बढ़ाने की तैयारी है। चुनाव के बाद नगर निगम में इसके लिए प्रस्ताव पेश किया जाएगा। मालूम हो कि हुकमचंद पाली क्लिनिक में प्रतिमाह श्वान के हमले में घायल करीब साढ़े चार हजार मरीज आते हैं। निजी अस्पताल में भी मरीज जाते हैं। चिड़ियाघर प्रभारी डा. उत्तम यादव ने बताया कि इंदौर में श्वानों के काटने की घटनाएं बढ़ना चिंताजनक है। इसके लिए हर आवश्यक कदम उठाया जाएगा। इंदौर में मात्र 3000 श्वान पंजीकृत हैं। अभी तक श्वानों का पंजीयन नहीं कराने पर 100 रुपये जुर्माना लगाया जाता है। जुर्माना राशि कम होने से कई लोग नियमों का पालन करने के प्रति उदासीन दिखाई देते हैं। राशि बढ़ाने से नियम पालन करने वालों की संख्या में बढ़ोतरी की उम्मीद है। जुर्माना राशि बढ़ाने के लिए विधानसभा चुनाव के बाद नगर निगम में प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाएगा। यह 1000 रुपये तक बढ़ाए जाने की उम्मीद है।

## दुर्घटना में घायल सब्जी विक्रेता की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** हीरानगर इलाके में रहने वाले एक सब्जी विक्रेता को कार ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के लिये एमवाय में भर्ती कराया गया। शनिवार को उनकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक लवकुश (40) पुत्र शिवभजन कुशवाह निवासी गोविंद नगर खारच्या की सड़क हादसे में मौत हो गई। परिवार के लोगों ने बताया कि तीन दिन पहले लवकुश पालिया इलाके में अपने दो साल के बेटे और पत्नी पार्वती के साथ सब्जी की दुकान पर बैठे थे। इस दौरान एक कार ने उन्हें चपेट में ले लिया। हादसे में लवकुश को सिर में गंभीर चोट आई। इसके बाद उन्हें एमवाय ले जाया गया। यहां दो दिन उपचार के बाद शनिवार को लवकुश की मौत हो गई। लवकुश पालिया इलाके में सब्जी बेचने का काम करते थे। उनकी शादी को करीब 15 साल हो गए। लेकिन बच्चे नहीं हो रहे थे। काफी मन्नतों के बाद उनके यहां बेटा हुआ। बताया जाता है कि हादसे के समय पत्नी और दो साल का बेटा नजदीक ही बैठे थे। वे दोनों हादसे में पूरी तरह सुरक्षित हैं।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।